पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशितः 01.08.2019 इस अंक का मूल्य 2 रूपये

।। ओ३म् ।।



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपीलः**
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली—110007, आई. एफ. एस. कोड-SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके। अग्रिम धन्यवाद सहित। — अनिल आर्य

वर्ष-36 अंक-05 श्रावण-2076 दयानन्दाब्द 196 01 अगस्त से 15 अगस्त 2019 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशितः 01.08.2019, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली के तत्वावधान में

# 20वें कारगिल विजय दिवस पर ''शहीद स्मृति यज्ञ'' सम्पन्न

### पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर वापिस लिया जाये और भारतीय संस्कृति सहिष्णुता का सन्देश देती है

—अनिल आर्य,राष्ट्रीय अध्यक्ष




शुक्रवार, 26 जुलाई 2019, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् नई दिल्ली के तत्वाधान में 20वें ''कारगिल विजय दिवस'' के अवसर पर नई दिल्ली के ''जन्तर मन्तर'' पर परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के नेतृत्व में ''शहीद स्मृति यज्ञ'' का आयोजन कर कारगिल के वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य कुंवरपाल शास्त्री ने यज्ञ करवाया। इस अवसर पर सैंकड़ों आर्य समाजियों ने पहुँच कर देश की एकता व अखण्डता की रक्षा का संकल्प लिया।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत में आंतकवादी गतिविधियों में व कश्मीर में अलगाववाद के पीछे पाकिस्तान प्रायोजित आंतकवाद का हाथ है, अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अब पाकिस्तान को उसकी भाषा में कठोरता से जवाब दिया जाये तथा पाक अधिकृत कश्मीर को वापिस लिया जाये।

उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि देश की अखण्डता को चुनौती देने वाले आंतकवादियों, अलगाववादियों व उनके संरक्षकों को सख्ती से कुचला जाये, देश के आत्मसम्मान की कीमत पर कोई समझौता नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आंतकवाद की जननी पाकिस्तान जब तक दुनियां के नक्शे में रहेगा, तब तक विश्व में शान्ति स्थापित नहीं हो सकती। अनिल आर्य ने कहा की हमारी भारतीय संस्कृति सामाजिक समरसता व सहिष्णुता का सन्देश देती है जिस पर हमें गर्व है, कुछ तथाकथित बुद्विजीवी इसे बदनाम करने का प्रयास कर रहे है वह निन्दनीय है।

वैदिक विद्वान आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शहीदों की जीवनी को पाठय पुस्तकों में उचित स्थान दिया जाये, जिससे उनके बलिदान से नयी युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोतम राम गौरवपूर्ण पुरातन संस्कृति के प्रतीक व आधार स्तम्भ है युवा पीढी उन पर गर्व करना सीखे।

परिषद् के महामंत्री आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा कि शहीदों का बलिदान तभी सार्थक होगा जब हम पुनः वैसी परिस्थितियां न बनने दें। सरकार को पाकिस्तान पर कदापि भरोसा नहीं करना चाहिये। हमारी सहनशीलता को कमजोरी समझ लिया जाता है, अतः पाकिस्तान को मुंह तोड़ उत्तर दिया जाये।

उ.प्र. प्रान्तीय महामंत्री प्रवीन आर्य ने शहीदों के परिवारों को पूर्ण सम्मान देने की मांग करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आंतकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाये जाने की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। श्रीमती प्रवीन आर्या, विम्मी अरोड़ा ने देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किये।

आर्य नेता कै. अशोक गुलाटी, यशोवीर आर्य, रामकुमार आर्य, विजय सब्रवाल, राजेश मेहन्दीरता, वेदप्रकाश आर्य, यज्ञवीर चौहान, ओमवीरसिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, देवेन्द्र गुप्ता, अरूण आर्य, राकेश आर्य, सुदेश भगत, देवदत आर्य, सोनिया सन्जु, ऋषिपाल खोखर, शिवकुमार भारद्वाज, भोपालसिंह आर्य, सुरेन्द्र गुप्ता, अभयदेव शास्त्री, जयप्रकाश शास्त्री, संजीव आर्य, डॉ. आनन्द कुमार, आई.पी.एस., सुरेश आर्य, प्रेमकान्त बत्रा आदि उपस्थित थे। प्रधानमन्त्री व गृहमंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया गया।

**आर्य सनातन रक्षा सम्मेलन**

दिनांकः शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019,
समयः प्रातः 10 बजे से 2.30 बजे तक
स्थानःतालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली
(कार्यक्रम के पश्चात् भोजन की व्यवस्था है)
सभी आर्य बन्धु सपरिवार सादर आमन्त्रित हैं।

—: निवेदक :—

| | |
|---|---|
| **ठा. विक्रम सिंह** | **डा. आनन्द कुमार** |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव |
| राष्ट्र निर्माण पार्टी | राष्ट्र निर्माण पार्टी |

# ट्रंप का वक्तव्य गैर जिम्मेवार, पर उत्तेजित होना सही रणनीति नही

—अवधेश कुमार

अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान ऐसा है जिससे भारत में खलबली मचनी स्वाभाविक है। भारत की घोषित नीति है— जम्मू कश्मीर में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं हो सकती। यही नहीं पाकिस्तान के साथ सारे विवाद को हम द्विपक्षीय मामला मानते हैं जिसमें तीसरे पक्ष की कोई आवश्यकता नहीं। इसके विपरीत पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से ट्रंप ने कहा कि दो महीने पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे कश्मीर पर मध्यस्थता करने का आग्रह किया था। यह भारत की घोषित नीति के विपरीत है। जम्मू कश्मीर हमारे लिए अखंड भारत का भूभाग है। इसमें विवाद है तो इतना कि पाकिस्तान ने इसका कुछ हिस्सा जबरन हथियाया हुआ है जिसे वापस लेना है। जब भारत ने संयुक्त राष्ट्रसंघ तक की भूमिका को नकार दिया हुआ है तो किसी देश के हस्तक्षेप को कैसे स्वीकार कर सकता है। किंतु जब बयान आ गया है तो उसका विश्लेषण होगा। भारत में विपक्षी दलों ने एक स्वर से जिस तरह हंगामा किया उसमें गुस्सा और राजनीति दोनों है। गुस्सा वाजिब है लेकिन राजनीति नावाजिब। ट्रंप का बयान निंदनीय और अस्वीकार्य है पर यह एक ऐसा मामला है जिस पर पूरे देश को एक स्वर में बोलना चाहिए। प्रश्न है कि आखिर भारत इस पर क्या कर सकता है?

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद के दोनों सदन में बयान देकर खंडन कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं सदन को स्पष्ट तौर पर विश्वास दिलाना चाहता हूं कि प्रधनमंत्री मोदी ने कभी ऐसी कोई बात नहीं की। कश्मीर का मुद्दा द्विपक्षीय मुद्दा है और इससे जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान भारत—पाकिस्तान मिलकर ही करेंगे। हम शिमला, लाहौर समझौते के आधार पर ही आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमापार से होनेवाले आतंकवाद को खत्म किए बिना पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता संभव नहीं है। विदेश मंत्री का बयान बिल्कुल साफ है। ट्रंप का बयान आने के कुछ ही समय बाद देर रात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कमार ने भी ट्वीट कर ट्रंप के बयानों का दो टूक शब्दों में खंडन किया। भारत के लिए इतना ही पर्याप्त होना चाहिए। आइए घटनाक्रम और ट्रंप के बयान को देखें। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित लंच समारोह के पूर्व इमरान एवं ट्रंप की पत्रकार वार्ता थी। उसी में ट्रंप ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दो हफ्ते पहले मिला था और हमने इस मुद्दे (कश्मीर) पर बात की थी। उन्होंने (मोदी) वाकई मुझसे कहा था कि क्या आप मध्यस्थता करेंगे? मैंने पूछा कहां? उन्होंने कहा कश्मीर के लिए क्योंकि यह समस्या सालों से लगातार चली आ रही है। मुझे लगता है कि वे (भारतीय) इसे हल होते हुए देखना चाहेंगे। मुझे लगता है कि आप भी इसका हल होते हुए देखना चाहेंगे। अगर मैं इसमें कोई मदद कर सकता हूं तो मैं एक मध्यस्थ बनना पसंद करूंगा। दरअसल, पाकिस्तानी पत्रकार सुनियोजित तरीके से प्रश्न पूछ रहे थे और इसी में कश्मीर प्रश्न था जिसके पूरा होने के पहले ही इमरान उत्तर देने लगे। इमरान खान ने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप से कहना चाहता हूं कि अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है और वह उपमहाद्वीप में शांति में अहम योगदान दे सकता है। कश्मीर मुद्दे का समाधान दे सकता है। मेरा कहना है कि हमने भारत के साथ बातचीत को लेकर हर प्रयास किया है। जब ट्रंप ने मध्यस्थता करने की बात की तो इमरान खान ने कहा कि यदि आप (कश्मीर पर) मध्यस्थता कर सकते हैं तो एक अरब से अधिक लोगों की प्रार्थना आपके साथ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का अनुरोध और ऐसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। वैसे भी अमेरिकी यात्रा में इमरान खान की ट्रंप प्रशासन ने जिस तरह अनदेखी की उससे पाकिस्तान में ही उनकी तीखी आलोचना हो रही थी। पाकिस्तानी अमेरिका द्वारा अपने प्रधानमंत्री का अपमान मान रहे थे। अपमानजनक यात्रा में ट्रंप का यह वक्तव्य उनके काम आ गया है।

पाकिस्तान क्या मानता है इससे हमारे लिए कोई अंतर नहीं आना चाहिए। हो सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर चर्चा करते हुए ट्रंप से कहा हो कि आप पाकिस्तान पर दबाव डालिए ताकि वह हमारे कश्मीर में आतंकवाद फैलाना बंद करे। इसका उन्होंने अर्थ अपने अनुसार यह लगाया हो कि हमें मध्यस्थता के लिए कह रहे हैं। ट्रंप झूठ बोलने के लिए भी कुख्यात हैं। या फिर उनकी कुछ रणनीति हो। ट्रपं अफगानिस्तान से भागना चाहते हैं। वे यहां तक तैयार हैं कि अफगानिस्तान का शासन भले तालिबान के हाथों चला जाए लेकिन अमेरिका ज्यादा दिन वहां नहीं रह सकता। इसमें उनको लगता है कि बगैर पाकिस्तान के सहयोग के यह नहीं हो सकता इसलिए पाकिस्तानियों को खुश करने के लिए उन्होंने बयान दे दिया है। जो भी हो उन्होंने जो कुछ कहा वह झूठ है। ओसाका में 27—28 जून को आयोजित समूह 20 के सम्मेलन में ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बैठक हुई थी। इसमें सारे अधिकारी शामिल थे। उस दौरान भारत.अमेरिका के बीच व्यापारिक विवाद, ईरान मामला, 5 जी की चुनौती और द्विपक्षीय सुरक्षा समझौतों को लेकर बातचीत हुई थी। इस बातचीत में कश्मीर का कोई जिक्र नहीं हुआ। उसके बाद ट्रंप और मोदी की मुलाकात जय यानी जापान, अमेरिका और भारत की त्रिपक्षीय बैठक में ही हुई थी जिसमें जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे भी मौजूद थे। तीनों नेताओं ने साथ मिलकर कनेक्टिविटी प्रॉजेक्ट्स के लिए संसाधन जुटाने को लेकर बात की थी।

डोनाल्ड ट्रंप की विश्व समस्याओं को लेकर अज्ञानता अनेक बार सामने आया है। साफ है जम्मू कश्मीर समस्या के बारे में उनको पूरी जानकारी नहीं है। हालांकि वाइट हाउस की तरफ से दोनों नेताओं की मुलाकात के संबंध में जारी वक्तव्य में कश्मीर या मध्यस्थता शब्द प्रयोग नहीं है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान के साथ उन मुद्दों पर सहयोग के लिए काम कर रहे हैं, जो दक्षिण एशिया क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और खुशहाली के लिए अहम हैं। ट्रंप से हुई बड़ी गलती के कारण संबंधों में होने वाली संभावित क्षति को कम करने की यह कोशिश है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने भी स्पष्टीकरण दे दिया है। उनकी पंक्तियां देखिए—"हम दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और बातचीत का माहौल बनाने की कोशिशों का समर्थन करते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी बात है आतंकवाद का खात्मा और जैसा की राष्ट्रपति ने कहा— हम इसमें मदद के लिए तैयार हैं।"विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर मसला भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है। वे अपने राष्ट्रपति को खारिज नहीं कर सकते, इसलिए अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से यह भी कहा गया कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के लिए चर्चा का मुद्दा है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन इसमें दोनों देशों की मदद के लिए तैयार है।

इन दोनों बयानों के बाद भारत को किसी तरह की तीखी प्रतिक्रिया की आवश्यकता नहीं है। अमेरिका के साथ वर्तमान एवं भविष्य के रणनीतिक संबंधों का ध्यान रखते हुए एक सीमा से आगे जाकर निंदा करना अपरिपक्वता का परिचायक हो जाएगा। वैसे डोनाल्ड ट्रंप की अपने देश में ही आलोचना शुरु हो गई है। अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य ब्रैड शेरमन ने ट्वीट कर कहा, "मैंने अभी भारतीय राजदूत हर्ष श्रृंगला से ट्रम्प के अनुभवहीन बयान के लिए माफी मांगी। जो भी थोड़ा बहुत दक्षिण एशिया की विदेश नीति के बारे में जानता है उसे पता है कि भारत कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं चाहता। सबको पता है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसाकुछ कभी नहीं कहेंगे। ट्रंप का इस बारे में दिया बयान अपरिपक्व, भ्रामक और शर्मिंदगी देनेवाला है।" अमेरिकी विदेश मंत्रालय की पूर्व राजनायिक एलिसा आयर्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इमरान के साथ मुलाकात के लिए ट्रम्प बिना तैयारी के गए। उनके बिना सोचे—समझे दिए बयान यही दिखाते हैं। कश्मीर पर आज उन्होंने जो कहा उसे भारत सरकार ने कुछ ही घंटों में नकार दिया। कूटनीति में हर छोटी से छोटी चीज पर ध्यान देना होता है। फिर चाहे वो भाषा हो या इतिहास के तथ्य। हमें यह आज नहीं दिखा।" पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने कहा कि ट्रम्प ने इमरान की वैसे ही तारीफ की जैसे वे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की करते हैं। किसी समझौते पर पहुंचने का यह उनका अपना तरीका है। लेकिन जैसे कोरिया के मामले में कोई समझौता नहीं हो सका, उन्हें अब पता चलेगा कि दक्षिण एशिया के ऐतिहासिक मुद्दे एक रियल एस्टेट डील से कितने पेचीदा है।

भारत जैसे एक परिपक्व देश को इससे आगे जाने की आवश्यकता नहीं है। हमारे विदेश मंत्री ने बयान दे दिया और सीधा संदेश अमेरिकी प्रशासन तक चला गया। पाकिस्तान भले इस बयान को लेकर कुछ समय तक ढोल पीटेगा किंतु इसका व्यवहार में कोई मायने नहीं है।

ई:30, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्प्लेक्स, दिल्ली:110092,
दूरभाष:01122483408, 9811027208

## शोक समाचारः विनम्र श्रद्धांजलि

1. दिल्ली की लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित का निधन।
2. श्री मांगेराम गर्ग (पूर्व अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश भाजपा) का निधन।
3. श्री सुशील चौधरी(पूर्व विधायक,दिल्ली) का निधन।
4. श्रीमती कुन्तीदेवी(आर्य समाज,प्रशान्त विहार) का निधन।
5. श्री महावीर आर्य(ग्राम कौल,कैथल,हरियाणा) का निधन।
6. वैदिक विद्वान आचार्य विद्याभानु शास्त्री(जम्मु) का निधन।
7. प्रो.उषा अरोड़ा(बहिन तिलक चांदना,सी.ए.) का निधन।
8. श्रीमती शीला देवी(साली मा.मनोहरलाल चावला,सोनीपत) का निधन।

# तथाकथित स्वयंभु बुद्धिजीवियों का अनर्गल प्रलाप : प्रधानमंत्री को पत्र

## भीड़ हिंसा को किसी वर्ग विशेष के साथ जोड़ना दुर्भाग्य पूर्ण –अनिल आर्य

॥ ओ३म् ॥ स्थापित 3 जून 1978

बलमुपास्व

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) नई दिल्ली**
**KENDRIYA ARYA YUVAK PARISHAD (Regd.) NEW DELHI**

युवा उद्घोष (पाक्षिक) पंजीकृत पत्रिका

आर्य समाज, टी-176-77, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-110007 फोन: 9810117464, 9868051444, 011-42133624
E-mail: aryayouth@gmail.com | Website: www.aryayuvakparishad.com | aryayouthgroup@yahoogroups.com

दिनांक: 26 जुलाई 2019

सेवा में,
माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी,
प्रधानमन्त्री,भारत सरकार,
नई दिल्ली.

प्रधान मंत्री कार्यालय Prime Minister's Office डाक अनुभाग DAK SECTION RECEPTION Date 26/7/19

विषयः तथाकथित बुद्धिजीवियों का अनर्गल प्रलाप ।

महोदय,
सादर नमस्ते । निवेदन यह है कि गत दिनों कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों ने आपको पत्र लिख कर ''भीड़ हिंसा'' के लिये भगवान श्री राम के अनुयायियों को दोषी ठहराया है, हम इसकी कड़ी भत्सर्ना करते है । यह भारतीय संस्कृति के गौरव,करोड़ों लोगों के अराध्य देव मर्यादा पुरूषोतम राम को विवादस्पद बनाने का कुप्रयास व घटिया मानसिकता को दर्शाता है ।
देश में अनेको घटनायें हुई है जिसमें हिन्दु समुदाय के लोग पीड़ित हुए है उनके पक्ष में किसी ने सहानुभूति की आवाज नहीं उठाई है । हिन्दु समाज को जो ''सर्वेभवन्तु सुखिनः'' की बात करता है,उसे बदनाम करने का प्रयास निन्दनीय है इन घटनाओं को किसी एक वर्ग के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है ।

धन्यवाद व आभार सहित ।
भवदीय

अनिल आर्य गवेन्द्र शास्त्री कुवरपाल शास्त्री महेन्द्र भाई



शनिवार, 27 जुलाई 2019, आर्य समाज के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर भीड़ हिंसा के लिये किसी वर्ग विशेष या जाति विशेष के साथ जोड़ने की कड़ी निन्दा की है, तथाकथित कुछ स्वयंभु बुद्धिजीवयों का यह कहना कि श्री राम का नारा लगा कर भय पैदा किया जा रहा है अथवा असुरक्षा महसूस कर रहे है यह निन्दनीय है और मोदी सरकार या भारत को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। 130 करोड़ आबादी के प्रवक्ता 49 लोग नहीं हो सकते।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि भीड़ भीड़ होती है पर हिंसा की स्वीकृति किसी को भी नहीं दी जा सकती, लेकिन उन घटनाओं को किसी वर्ग विशेष के साथ जोड़ना या करोड़ों लोगों के आराध्य देव भगवान राम के नाम के साथ जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा मोदी सरकार को बदनाम करने का एक हिस्सा है, मर्यादा पुरूषोतम राम हमारी गौरवपूर्ण भारतीय संस्कृति के आधार स्तम्भ है और भारतीय संस्कृति सदैव सहष्णुता, आपसी भाई चारे का यानि ''सर्वेभवन्तु सुखिनः'' का सन्देश देती है। आर्य समाज के प्रवर्तक महर्षि दयानन्द ने तो 17 बार जहर पिलाने वालो को भी क्षमा कर दिया था। स्वामी श्रद्धानन्द, पं. लेखराम, महाशय राजपाल की हत्यायें भी अपने समय की असहष्णुता का ही प्रतीक रही होगी। कश्मीर से हिन्दुओं का विस्थापन, बंगाल की घटनायें आदि ऐसी हजारों घटनायें है जो हिन्दुओं के साथ हुई है वह भी असहिष्णुता की ही श्रेणी में आयेगी उन्हें भी नजर अन्दाज नहीं किया जा सकता।

॥ओ३म्॥

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल आर्य जी के नेतृत्व में



# श्रावणी पर्व : युवा संस्कार अभियान

गांव, गली चौराहे पर, घर-घर यज्ञ रचायेंगे, धरती को स्वर्ग बनायेंगे
जहां नहीं होता कभी विश्राम • आर्य युवक परिषद् है उसका नाम

ओ३म् बलमुपास्व

**12 से 25 वर्ष तक के 5,000 युवाओं को यज्ञोपवीत से दीक्षित करने का अभियान**

**9 दिन में 44 कार्यक्रम : दिनांक 10 अगस्त 2019 से 18 अगस्त 2019 तक**

**पूर्वी दिल्ली**

1. **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः नगर आर्य समाज शाहदरा, डूंगर मौहल्ला, दिल्ली-32
संयोजकः राजीव कोहली, 8700739759, चन्द्रशेखर, संजय कपूर, संजय आर्य, राजकुमार कपूर (प्रधान, आर्य समाज)

2. **बुधवार, 14 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज ब्रह्मपुरी, दिल्ली-53
संयोजकः सुन्दर शास्त्री, 8130404584, रविन्द्र कुमार आर्य, टुकीराम भारद्वाज

3. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, सायंः 3.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज सूर्य निकेतन, विकास मार्ग विस्तार, दिल्ली-92
संयोजकः यशोवीर आर्य, 9312223472, विकास शास्त्री, 8010204256, शिवम मिश्रा, 7011086728, काशीराम 8368854170

4. **शनिवार, 17 अगस्त 2019, सायंः 3.00 बजे**
स्थानः तीतोरिया भवन, डी-1/330, गली नं.3 नियर एमआईजी फ्लैट्स, अशोक नगर, दिल्ली-110093
संयोजकः संजू सोनिया 9643875121, वेदप्रकाश आर्य 9810487559, देवीलाल

**उत्तर दिल्ली**

5. **शनिवार, 10 अगस्त 2019, सायंः 5.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज स्वामी श्रद्धानंद पार्क, भलस्वा डेयरी, दिल्ली-42
संयोजकः नन्दलाल शास्त्री, 9868558698, 9716207488

6. **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थान : आर्य समाज वजीरपुर जे.जे. कॉलोनी, दिल्ली-52
संयोजकः आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, संतोष शास्त्री, 9868754140, वीरेश आर्य, 9868992895, भूदेव आर्य, राधेश्याम आर्य

7. **मंगलवार, 13 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज प्रताप नगर, दिल्ली-07
संयोजकः केवल कृष्ण सेठी 011-23690497, गुलशन कुमार

8. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-7
संयोजकः रामचंद्र आर्य 9971449502, सुदेश भगत 7550568450, देवेन्द्र भगत (मंत्री), हरीश चन्द्र सिंह

**मध्य दिल्ली**

9. **मंगलवार, 13 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः अखिल भारतीय गौसेवक समाज, प्रथमतल, 3 सदर थाना रोड़, दिल्ली-6
संयोजकः गोपाल जैन 9810756571

10. **शनिवार, 17 अगस्त 2019, प्रातः 9.00 बजे**
स्थानः मूर्तिदेवी आर्य पब्लिक स्कूल, के-160, जहांगीर पुरी, दिल्ली-33
संयोजकः गजेन्द्र आर्य 8851552008

11. **रविवार, 18 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज देवनगर, 212 बस स्टैंड के पास आनंद पर्वत, नई दिल्ली-5
संयोजकः राकेश आर्य 8368324886, गौरव सिंह आर्य 8285969504, सुशील बाली (प्रधान, आर्य समाज)

**उत्तर पश्चिमी दिल्ली**

12 **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 7.30 बजे**
स्थानः आर्यसमाज संदेश विहार, दिल्ली-110034
संयोजकः अनीता आनंद 9810024199, सीमा कपूर, देवमित्र आर्य 9313199062, दुर्गेश आर्य 9868664800

13. **बुधवार, 14 अगस्त 2019, सायंः 3.00 बजे**
स्थानः डी-4 ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मेन रोड, सुल्तानपुरी, दिल्ली-41
संयोजकः राधा भारद्वाज 9868026474, दशरथ भारद्वाज 7840861115, धर्मपाल आर्य 9871581398

14. **रविवार, 18 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः एफ-925 के सामने वाला पार्क, मेन रोड़ मंगोलपुरी, दिल्ली-83
संयोजकः महेन्द्र टांक 9711161634, जगदीश शरण आर्य, आर्य राजेन्द्र सिंह 9810839363

**पश्चिमी दिल्ली**

15. **रविवार, 11 अगस्त 2019, सायंः 3.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज मंदिर, बाला जी चौक, एस.डी. पब्लिक स्कूल के साथ, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली-59
संयोजकः मानवेन्द्र शास्त्री 9213326949, ओमवीर सिंह 9868803585, पं. आकाश आर्य, गौरव झा, केशव आर्य

16. **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 7.30 बजे**
स्थानः आर्य समाज महावीर नगर, तिलक नगर, नई दिल्ली-18
संयोजकः मायाराम शास्त्री 9873107410, दिनेश आर्य 9213637558, यशपाल आर्य (प्रधान, आर्य समाज)

17. **शुक्रवार, 16 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज उत्तम नगर, दिल्ली-110059
संयोजकः अमर सिंह सहरावत 9312857709, राजकुमार भाटिया, कृष्ण गर्ग

**दक्षिण दिल्ली**

18. **मंगलवार, 13 अगस्त 2019, सायं : 5.00 बजे**
स्थान : आर्य समाज मोती बाग, नई दिल्ली-21
संयोजकः महावीर सिंह 9313147244, सुरेन्द्र गुप्ता, दयानन्द शास्त्री, करूणा शर्मा 9667667673, सरस्वती आर्या 9870258860

19. **शनिवार, 17 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानःडीएवी सी.सै.स्कूल, युसुफ सराय, नई दिल्ली-110049
संयोजकः प्रि. श्यामलाल आर्य-9811639930

20. **रविवार, 18 अगस्त 2019, प्रातः 9.00 बजे**
स्थानः सी-4ए, टीनू पब्लिक स्कूल के पास, संगम विहार, दिल्ली-62
संयोजकः देवदत्त आर्य 9810323883, रामफल खर्ब 9999162077

**उत्तराखंड**

21. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, प्रातः 9.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज मंदिर, भण्डारी तेरा, तह. काण्डा, जि. बागेश्वर
संयोजकः सुबेदार प्रयाग सिंह भण्डारी (प्रधान), गोविन्द सिंह भण्डारी 9412930200

**उत्तर प्रदेश**

22. **मंगलवार, 06 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः श्री कृष्ण आर्ष गुरुकुल, गौमत, अलीगढ़
संयोजकः स्वामी श्रद्धानन्द 9416267482

23. **बुधवार, 14 अगस्त 2019, सायः 3.30 बजे**
स्थानः आर्य समाज घोड़ी बछेड़ा, ग्रेटर नोएडा
संयोजकः संजय शर्मा, राजकुमार आर्य, सतीश आर्य, कमल आर्य 8130204904

24. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज टीला, लोनी, गाजियाबाद
संयोजकः अजय आर्य 9312682559, यश आर्य 7011609651, सत्यप्रकाश आर्य, हरकेश आर्य, कृष्णपाल (संरक्षक)

25. **रविवार, 18 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज, हापुड
संयोजकः आनंद प्रकाश आर्य 9837086799, कुंवरपाल सिंह आर्य, सुरजीत सिंह

26. **रविवार, 18 अगस्त 2019, दोपहरः 2.30 बजे से 5.30 बजे तक**
स्थानः महर्षि दयानन्द संस्कृत महाविद्यालय, पटेल मार्ग, गाजियाबाद
संयोजकः प्रवीण आर्य 9911404423, गौरव गुप्ता 8800979651, **तेजपाल सिंह आर्य, डी. के. शुक्ला,** यज्ञवीर चौहान 9810493055, सुरेश आर्य 9873903076

**हरियाणा**

27. **शनिवार, 10 अगस्त 2019, प्रातः 9.00 बजे**
स्थानः श्रद्धा मंदिर हाईस्कूल, से. 87, फरीदाबाद
संयोजकः डॉ. गजराज सिंह आर्य 9213771515, डॉ. विजय आर्य,

28. **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः राष्ट्रीय मुख्यालय, सत्यार्थ भवन, रादौर, जि. यमुना नगर
संयोजकः सौरभ आर्य 9813739000, स्वामी सच्चिदानंद जी

29. **सोमवार, 12 अगस्त 2019, प्रातः 9.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज शांति नगर, चार मरला, सोनीपत-131001
संयोजकः हरिचन्द स्नेही 8168715284, मनोज कुमार चावला 9812150947, सुनीता अरोड़ा

30. **शुक्रवार, 16 अगस्त 2019, प्रातः 9.00 बजे**
स्थानः निधि पब्लिक स्कूल, नहर पार खेड़ी, ओल्ड फरीदाबाद
संयोजक : राजकुमार आर्य 9312385676, डॉ. गजराज सिंह आर्य 9213771515

31. **शनिवार, 17 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः जयहिंद पब्लिक स्कूल, बराहकलां, जिला-जीन्द
संयोजक : सूर्यदेव व्यायामाचार्य 9416715537, अश्विनी आर्य, विद्यासागर शास्त्री 9416178348, सतीश मलिक (प्रबंधक व संचालक)

32. **रविवार, 18 अगस्त 2019, सायंः 3.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज सेक्टर 15, फरीदाबाद
संयोजक : जितेन्द्र सिंह आर्य 9210038065, वीरेन्द्र योगाचार्य 9582392677

**बिहार**

33. **सोमवार, 12 अगस्त 2019, सायंः 4.00 बजे**
स्थानः माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपुर, जिला-समस्तीपुर
संयोजक:सुरेश प्रसाद 9582415761 ,नरेश प्रसाद, आचार्य चन्द्रमित्र विद्यावारिधी

34. **शुक्रवार, 16 अगस्त 2019, सायंः 4.00 बजे**
स्थानः गांव कल्याणपुर गौड़ा, जिला- समस्तीपुर
संयोजक:सुरेश प्रसाद 9582415761 ,नरेश प्रसाद, आचार्य चन्द्रमित्र विद्यावारिधी

**राजस्थान**

35. **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः महर्षि दयानंद योगधाम, भगतसिंह मार्ग (डीवीएम स्कूल के सामने), नारनौल रोड, बहरोड़, जिला-अलवर
संयोजकः रामकृष्ण शास्त्री-9461405705, 9887669603, वेदप्रिय आर्य, रामानन्द आर्य, मास्टर विनोद यादव, हिमांशु आर्य

36. **रविवार, 18 अगस्त 2019, दोपहरः 2.00 बजे**
स्थानः संस्कार भवन, जी.एस. सैनी नर्सिंग कॉलेज, रामपुरा रोड़, जयपुर
संयोजकः यशपाल 'यश' 9414360248, डॉ. प्रमोद पाल 9828014018

**झारखंड**

36. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, दोपहर 2.00 बजे**
स्थानः आर्ष कन्या गुरुकुल, हजारीबाग
संयोजकः पुष्पा शास्त्री 9852556661, आचार्य कौटिल्य 9304888705

**उड़ीसा**

38. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः वेदव्यास संस्कृत महाविद्यालय, राउरकेला
संयोजकः आचार्य धनेश्वर बेहरा 9438441227, 9337117429

**मध्य प्रदेश**

39. **रविवार, 11 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज संचार नगर, इंदौर
संयोजकः आचार्य भानुप्रकाश शास्त्री/पवन शास्त्री 9977987777

40. **सोमवार, 12 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः सोमदीप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, बुराना खेड़ी, इंदौर
संयोजकः प्रणवीर शास्त्री 9977957777

41. **मंगलवार, 13 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः मां सरस्वती पब्लिक स्कूल, खाती पिपल्या, इंदौर
संयोजकः आर्य दिनेश श्रीवास्तव 9755058909

42. **बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः डीएवी गुरुकुलम पब्लिक स्कूल, भवानी सांवेर रोड नगर, इंदौर
संयोजकः आचार्य प्रभामित्र 8770045808

**जम्मू व कश्मीर**

43. **बुधवार, 14 अगस्त 2019, प्रातः 10.00 बजे**
स्थानः केन्द्रीय विद्यालय, बन्द तालाब, जानीपुर, जम्मू
संयोजकः सुभाष बब्बर 9419301915, रमेश खजूरिया 9419137720, वेदांशु शास्त्री 9796033096

44. **रविवार, 18 अगस्त 2019, प्रातः 8.00 बजे**
स्थानः आर्य समाज जानीपुर कॉलोनी, जम्मू
संयोजकः सुभाष बब्बर 9419301915, रमेश खजूरिया 9419137720, वेदांशु शास्त्री 9796033096, कपिल बब्बर

# 41वां वार्षिक अधिवेशन व राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन

रविवार, 1 सितम्बर 2019, प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक,

स्थानः योग निकेतन सभागार, 30ए/78, पश्चिमी पंजाबी बाग, दिल्ली-110026

सभी स्थानों पर यज्ञ, भजन, प्रवचन व यज्ञोपवीत संस्कार के कार्यक्रम होंगे सभी आर्य जनों, धर्म प्रेमी बन्धुओं व अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने निकट के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन करें।

| महेन्द्र भाई | रामकुमारसिंह आर्य | अरुण आर्य | शिशुपाल आर्य | सौरभ गुप्ता |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| राष्ट्रीय महामंत्री | प्रांतीय संचालक | प्रांतीय महामंत्री | प्रांतीय उपसंचालक | प्रधान शिक्षक |
| 7703922101 | 9868064422 | 9818530543 | 8882652180 | 9971467978 |

कार्यालयः आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, फो-9868051444, 9871581398, 9958889970
Email:aryayouthn@gmail.com, dkbhagat@gmail.com, mkp8595@gmail.com || www.facebook.com/groups/aryayouth

# पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित व पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मांगेराम गर्ग का निधन





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के अभिनन्दन का द्रश्य व द्वितीय चित्र–आर्य कन्या शिविर गीता भारती स्कुल अशोक विहार,दिल्ली में समापन समारोह पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष श्री मांगेराम गर्ग के अभिनन्दन का द्रश्य। आर्य जगत की विनम्र श्रद्धाजंलि।

# स्वामी धर्ममुनि जी का अभिनन्दन व आचार्य विद्याभानु शास्त्री का निधन





रविवार, 14 जुलाई 2019,अध्यातम पथ पत्रिका के तत्वावधान में आर्य समाज,पश्चिम विहार, दिल्ली में यज्ञ व श्री नरेन्द्र आर्य ''सुमन'' की संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। स्वामी धर्ममुनि जी(बहादुरगढ़) का अभिनन्दन करते सम्पादक आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री,अनिल आर्य,हीरालाल चावला,बलदेव सचदेवा,अरूण आर्य,सुरेन्द्र चौधरी,वीरेन्द्र सरदाना,यशपाल आर्य आदि। द्वितीय चित्र में–जम्मु शिविर के समापन पर दीप प्रज्जवलित करते वैदिक विद्वान आचार्य विद्याभानु शास्त्री जी।


ओ३म्

स्थापना 3 जून 1978

जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद् है उसका नाम ...

यदि आप आर्य युवा शक्ति की कार्यप्रगति की एक झलक देखना चाहते हैं तो अवश्य पधारें



## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत)

बलमुपास्व

### 41 वाँ वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन

अध्यक्षता: डॉ. अशोक कुमार चौहान जी (संस्थापक अध्यक्ष, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

सानिध्य: स्वामी आर्यवेश जी (प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा)

## राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन

रविवार, 1 सितम्बर 2019, प्रात: 9 से सायं 5 बजे तक

स्थान: योग निकेतन सभागार, 30-ए/78, पश्चिमी पंजाबी बाग, दिल्ली-26

यज्ञ: प्रात: 9.00 से 10.00 बजे तक - ब्रह्मा: आचार्य गवेन्द्र शास्त्री जी

**विशेष आकर्षण**

राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओं धारा 370, समान अचार संहिता, गौ रक्षा, जनसंख्या नियन्त्रण कानून में आर्य समाज की भूमिका पर वैदिक विद्वानों के ओजस्वी विचार

देश के विभिन्न प्रान्तों से चुने हुए आर्य युवा प्रतिनिधियों का भव्य समागम

प्रात: राश: प्रात: 8 से 10 तक, ऋषि लंगर 1 से 2 तक, जलपान: सायं 5.00 से 5.30 तक

**आप सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं**

केन्द्रीय कार्यालय: आर्य समाज, टी-176-177, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मंडी, दिल्ली-110007

E-mail: aryayouth@gmail.com, dkbhagat@gmail.com Website: www.aryayuvakparishad.com

join-http://www.facebook.com/groups/aryayouth/ दूरभाष: 9868051444,9958889970, 7703922101


सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970